भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1462

उत्तर देने की तारीख : 13.02.2025

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए वित्त

1462. श्री एंटो एन्टोनी:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की प्रतिशतता क्या है जिन्हें वर्तमान में औपचारिक वित्तीय संस्थाओं से समय पर वित्त प्राप्त हो रहा है;

(ख) अभी भी ऋण के लिए अनौपचारिक क्षेत्र पर निर्भर एमएसएमई का प्रतिशत क्या है और उनके द्वारा भुगतान की जाने वाली औसत ब्याज दर क्या है; और

(ग) औपचारिक ऋण प्राप्त करने वाली महिलाओं और एससी/एसटी उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसएमई का अनुपात क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) : आज की तारीख तक, उद्यम पंजीकरण पोर्टल पर पंजीकृत 5.94 करोड़ एमएसएमई प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) के तहत लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं। इसके अलावा, जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सूचित किया गया है, दिनांक 31.03.2024 तक, एमएसएमई को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का बकाया कुल ऋण 2,57,45,044 खातों की तुलना में 27,25,657.46 करोड़ रुपये है।

(ख) और (ग) : भारतीय रिजर्व बैंक के पर्यवेक्षण विभाग के अनुसार, दिनांक 31.03.2024 तक, एमएसएमई को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का बकाया कुल ऋण 27,25,657.46 करोड़ रुपये है, जिसमें से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा महिला उद्यमियों को कुल ऋण प्रवाह 11,69,279 करोड़ रुपये है।

*****